स्वतंत्र विचारों का एकमात्र हिन्दी दैनिक | जयपुर, उदयपुर, राजसमंद व सलूम्बर से एकसाथ प्रकाशित | समस्त सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्य

खबर सम्राट

अपने व्यापारिक, प्रतिष्ठान एवं प्रोडक्ट का प्रचार खबर सम्राट के माध्यम से आकर्षक मासिक दरों में करें।

खबर सम्राट-उदयपुर
पुरोहितों की मादड़ी, उदयपुर
मो. नं. 9887593025

वर्ष : 22 | अंक: 269 | उदयपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर, 2025 | मूल्य - 2.00 रू.

शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों से शिक्षा मंत्री दिलावर का सीधा संवाद

देश में गुरुओं का मान सर्वापरि, गुरुजन भी उसी अनुरूप करें आचरण

उदयपुर (खबर सम्राट)। प्रदेश सरकार के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर बुधवार को उदयपुर दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर सभागार में आयोजित उदयपुर एवं सलूम्बर जिले के शिक्षा अधिकारियों व प्रधानाचार्यों के संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दिलावर ने कहा कि प्रदेश में शैक्षिक परिदृश्य में मौलिक बदलाव लाने हेतु यह एक अनूठी पहल है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा "मैं आप सभी में भारतीय परंपरा के महान शिक्षकों की प्रतिमूर्ति देखता हूँ। इस देश में गुरुओं का मान सर्वापरि माना गया है, गुरुजन भी उसी के अनुरूप आचरण करें।

वायु सेना दिवस पर दी बधाई

कार्यक्रम के दौरान वायु सेना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए दिलावर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय दुनिया को दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक में अच्छे नागरिक तैयार करने की भरपूर क्षमता होती है। अब हमें पूरी निष्ठा से देश में श्रेष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में जुट जाना होगा।

शिक्षकों से लिए सुझाव

दिलावर ने सीधे संवाद के दौरान शिक्षकों से अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सुझाव लिए, जिनमें आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के बच्चों को पुनः मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना,विद्यालयों में प्रार्थना समय को रोचक बनाना, विद्यार्थियों में सीखने की प्रवृत्ति को निरंतर बनाए रखना,एसडीएमसी को मजबूती देना, बालिका शिक्षा को सशक्त करना शामिल रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों-अभिभावकों को विद्यालय समय पश्चात भी संवाद बनाए रखना चाहिए। शिक्षकों द्वारा जितना समय गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्यों में दिया जाएगा, उतना ही देश तेजी से प्रगति करेगा।

शिक्षक हितों पर सरकार संवेदनशील : मंत्री दिलावर ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि अगले दो वर्षों में शिक्षा विभाग में कोई पद रिक्त न रहे। नवीन विद्यालयों के लिए नए पद सृजित किए जा रहे हैं। अब तक 50 हजार से अधिक पदोन्नतियाँ की जा चुकी हैं और 25 हजार और की जाएँगी। स्टाफिंग पैटर्न भी रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। कार्यक्रम में मंत्री श्री दिलावर के हाथों शिक्षा विभाग, वंडर सीमेंट एवं एसबीआई के साझे में बीमा एमओयू के तहत करंट लगने से देवाराम पुत्र गौरीशंकर के पिता की दुर्घटना में हताहत होने पर एमओयू के तहत पहला बीमा क्लेम राशि 1 लाख रुपये का चेक भी सौंपा गया।

शिक्षकों की भूमिका पर विचार

संवाद कार्यक्रम में पूर्व कुलपति एवं शिक्षाविद् प्रो. कैलाश सोढानी ने कहा कि शिक्षकों से संवाद देश की प्रगति का आधार है। आज राष्ट्र का हर विकास शिक्षक वर्ग के परिश्रम का परिणाम है। शिक्षक ही प्रत्येक व्यक्तित्व के निर्माता होते हैं। उन्होंने कहा कि कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना और भावी पीढ़ियों में भारतीयता का भाव जगाना ही शिक्षा की असली धुरी है। सीडीईओ प्रतिभा गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए जिले में शिक्षा विभाग की उपलब्धियों, नवाचारों एवं प्रतिवेदन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, समाजसेवी प्रमोद सामर, गजपाल सिंह, ओएसडी सतीश गुप्ता, सुरेंद्र गोदारा, अभय राठौड़, प्रताप सिंह तोमर, शिक्षा विभाग उदयपुर मंडल संयुक्त निदेशक चंद्रशेखर जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लोकेश भारती, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक ननिहाल सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री दिलावर की अध्यक्षता में आरएससीईआरटी शासी परिषद की बैठक

उदयपुर (खबर सम्राट)। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (आरएससीईआरटी) की शासी परिषद की बैठक बुधवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में संभागीय आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में परिषद की विभिन्न गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान दिलावर ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना और प्रतिवेदन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पाठ्य सामग्री तैयार करते समय विशेष सावधानी बरती जाए तथा यह भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए।

बैठक में विकास व्यय के अनुमोदन, रिक्त पदों की स्थिति, हमारा राजस्थान पुस्तक अद्यतन प्रस्ताव सहित अनेक मौलिक नवाचारों पर चर्चा हुई। मंत्री दिलावर ने स्पष्ट किया कि परिषद के सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएँ। बैठक में शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सी.आर. देवासी, आरएससीईआरटी निदेशक कविता पाठक सहित विभाग के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 11 से उदयपुर प्रवास पर

उदयपुर (खबर सम्राट)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े 11 अक्टूबर से उदयपुर के प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि बागड़े 11 अक्टूबर शनिवार को सायं 6:30 बजे वायुयान डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा सर्किट हाउस उदयपुर आएंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में रहेगा। अगले दिन 12 अक्टूबर को 10:00 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर 10.25 बजे डबोक स्थित जनार्दनराय नागर डीम्ड विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्यालय पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेंगे। बागड़े 11:35 बजे मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय पहुंचकर अधिकारियों से संवाद करेंगे। इसके पश्चात् सर्किट हाउस आएंगे।

शिक्षा मंत्री ने नवनिर्मित विद्यालय भवनों का किया उद्घाटन

उदयपुर (खबर सम्राट)। राज्य के स्कूली शिक्षा, पंचायती राज एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को नायगांव उपखंड क्षेत्र के जायरा गांव में आईआईएफएल फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय जायरा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने ग्रामीणों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में आदिवासी क्षेत्रों की उपेक्षा की गई, जबकि वर्तमान सरकार में सर्वाधिक विकास कार्य जनजाति अंचल में किया जा रहे हैं। दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार का सर्वाधिक बजट शिक्षा पर खर्च किया जा रहा है। राज्य के सरकारी विद्यालयों के बच्चों को विद्यालयों में पौष्टिक भोजन, निशुल्क ड्रेस, निशुल्क पुस्तकें वितरण की जा रही है। गत वर्ष राज्य में 10 लाख तीस हजार साइकिल छात्राओं को प्रदान की गई। प्रतिभाशाली छात्राओं को स्कूटी भी दी जा रही है। छात्रों को राज्य सरकार ने 86 हजार टेबलेट प्रदान किए हैं। मंत्री दिलावर ने कहा कि आईआईएफएल फाउंडेशन का कार्य अत्यंत प्रेरणादाई एवं सराहनीय है। इस संगठन ने उदयपुर जिले को गोद लिया है। इन्होंने पिछले 10 साल में राजस्थान में 1200 सामुदायिक शिक्षण केंद्र का निर्माण किया जिसमें 26 हजार छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। संगठन की ओर से राजस्थान सरकार से किए गए करार में 102 बालिका विद्यालयों को समग्र शिक्षा के लिए गोद लिया गया है, जहां छात्रों को सभी आधुनिक शिक्षण सामग्री, उपकरण, संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वह उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छी श्रेणी में उत्तीर्ण होकर केंद्र व राज्य सेवाओं में जा सके।

मंत्री दिलावर ने जनजाति क्षेत्र में हो रहे धर्मांतरण पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मांतरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धर्मांतरण लौभ, झांसा देकर करने वालों को कठोर सजा दी जाएगी। धर्मांतरण द्वारा देश को तोड़ने की साजिश से चलाई जा रही है तथा यह उच्च स्तरीय षड्यंत्र है। इस कार्य के माध्यम से जनजाति क्षेत्र सहित देश भर में अराजकता एवं देश विरोधी गतिविधियां संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम भगवान राम, कृष्ण ,शबरी व भारत माता की संतान है तथा देश व धर्म की रक्षा हमारा पहला कर्तव्य है। मंत्री दिलावर ने कहा कि नया गांव उपखंड में राज्य सरकार द्वारा ढाई ढाई करोड़ की लागत से दो आवासीय विद्यालयों का भी निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर दिलावर ने कहा कि राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय जायरा में छात्र संख्या 120 होने पर इस विद्यालय को बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमौन्नत कर दिया जाएगा।

समारोह से पहले शिक्षा मंत्री दिलावर ने विद्यालय परिसर में नीम का पौधा भी रौपा। उन्होंने ग्रामीणों एवं उपस्थित छात्रों ,कर्मचारियों, अधिकारियों आदि से जीवन में स्वदेशी वस्तुएं का उपयोग करने व उन्हें खरीदने का आह्वान किया तथा स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्प दिलाया। समारोह की अध्यक्षता आईआईएफएल के निदेशक मधु जैन ने की। उन्होंने कहा कि उनका संगठन जनजाति क्षेत्र में विद्यालयों के भवन निर्माण तथा उसमें सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है। समारोह के विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, पूर्व विधायक नानालाल आहारी, पूर्व उप जिला प्रमुख सुंदरलाल भाणावत, शंकर खराड़ी, पूर्व प्रधान अमृतलाल डामोर, पारस जैन,अमित कलाल एवं किशन चौहान थे। समारोह में संयुक्त निदेशक शिक्षा चंद्रशेखर जोशी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बृजमोहन डामोर, नवीन रावल, हेमंत मेहता, धूलेश्वर वेसोहर, दुर्गा भगोरा, पंचायत समिति सदस्य बलदेव खराड़ी व बच्चू लाल खराड़ी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन गट्टू लाल बारोट ने किया तथा आभार जायरा सरपंच इंदिरा देवी ने ज्ञापित किया।

समारोह में मंत्री दिलावर ने विद्यालय निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले सात परिवारों को सम्मानित भी किया। समारोह के पश्चात शिक्षा मंत्री दिलावर ने छानी ग्राम में आईआईएफएल के सहयोग से 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया।

नारी शक्ति सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन

उदयपुर (खबर सम्राट)। नवरात्रि और दीपावली के पावन अवसर पर द मॉरल शॉपी द्वारा एक अनोखा और भव्य नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित होने जा रहा है । कार्यक्रम आयोजिका मयूरा मेहता ने बताया कि इस समारोह में सभी नारी शक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसी के तहत विजयलक्ष्मी गलूंडिया द्वारा पोस्टर विमोचित किया गया। यह कार्यक्रम विशेष इसलिए रहेगा क्योंकि इसमें हर महिला जिन्होंने सदैव अपने घर,परिवार,समाज को प्राथमिकता दी। कई बलिदान किए ,और समाज को एक स्वर्णिम रूप में प्रस्तुत किया ,उन सभी को प्रोत्साहित किया जाएगा। मयूरा मेहता ने बताया कि इस विशिष्ट समारोह में उदयपुर की शान, नवरत्न , नौ विशिष्ट महिलाओं की उपस्थिति रहेगी ,जो इस कार्यक्रम पर चार चांद लगाएगी । समारोह में सम्मानित होने वाली प्रत्येक महिला (18 वर्ष से कोई आयु सीमा नहीं) को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है ।

निःशुल्क लीवर सम्बन्धित विकार परामर्श एवं औषध वितरण शिविर आज

उदयपुर (खबर सम्राट)। मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय से संबद्ध राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय मोतीचौहट्टा उदयपुर में गुरूवार को प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक लीवर सम्बन्धित विकार जैसे लीवर का बढ़ना, अत्यधिक शराब सेवन से बढ़ा लीवर, लीवर में वसा का जमाव का निःशुल्क परामर्श एवं औषध वितरण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

नगर निगम दीपावली मेला आज से

15 दिवसीय होगा मेला

11 व 12 अक्टूम्बर दो दिन स्थानीय प्रतिभाओं को उपलब्ध होगा मंच

4 दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

उदयपुर (खबर सम्राट)। नगर निगम उदयपुर द्वारा आयोजित दीपावली मेले का शुभारंभ 9 अक्टूम्बर गुरूवार शाम 7:15 बजे शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण के मुख्य सानिध्य में होगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि दीपावली मेला 2025 अन्तर्गत नगर निगम प्रांगण में दिनांक 11 अक्टूम्बर से 16 अक्टूम्बर तक प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा एवं 9 अक्टूम्बर से 23 अक्टूम्बर तक दुकाने व झूले संचालित रहेगें।

आयुक्त/मेलाधिकारी ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या के शुरूआती 2 दिन 11 व 12 अक्टूम्बर, 2025 को स्थानीय प्रतिभा के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 13 अक्टूम्बर को स्वर और विरासत कार्यक्रम के अन्तर्गत इंडियन ऑषियन बेंड एवं मांगणियार चिल्ड्रन ग्रुप विरासत संस्था द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 14 अक्टूम्बर को हिंदुस्तान के प्रसिद्ध कलाकार द्वारा रंग, रोषनी व राग कार्यक्रम के अन्तर्गत सचेत टंडन, परम्परा ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगे। 15 अक्टूम्बर, 2025 को भक्ति वन्दना कार्यक्रम के अन्तर्गत लखबीर सिंह लक्खा एवं स्वाति मिश्रा द्वारा अपनी प्रस्तुति देंगे। इसी के साथ 16 अक्टूम्बर को इस वर्ष दीपावली मेले में पहली बार महाआरती का आयोजन रखा गया है जो शहरवासियों के लिये नया अनुभव होगा। यह आयोजन आमजन के लिए है और जनता के स्वस्थ मनोरंजन के लिए आयोजित किया गया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि मेले में दुकाने व झूले लगाने से निगम को कुल 1 करोड़ 86 लाख रूपये की आय हुई है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि दीपावली मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों के चयन में विशेष ध्यान रखा गया है। प्रतिदिन आयोजित सांस्कृतिक संध्याओं के लिए अतिथियों का चयन कर लिया गया है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि आयोजन के सफल संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सांस्कृतिक संध्याओं के लिए विशाल मंच तैयार किया जा रहा है। प्रेस दीर्घा वीआईपी दीर्घा दर्शक दीर्घा व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के कवरेज के लिए मचान भी बनाया है। बेरीकेट्स पर जालियां लगाई गई है जिससे सुरक्षा में कोई खलल उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने बताया कि दुकानों को इस तरह लगवाया है कि जिसमे जनता को किसी भी दुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

दीपावली मेला 2025 समारोह में सांस्कृतिक संध्या की जानकारी के लिए निमंत्रण पत्र भी छपवाए गए है जिसमे कार्यक्रमों की सूची है. जिससे हर वर्ग का दर्शक अपने पंसदीदा कार्यक्रम में आ सके और आयोजन व सांस्कृतिक संध्या का पूर्ण आनन्द ले सके। शहर के गणमान्य नागरिको को आमंत्रण पत्र भिजवाए जायेंगे।

आयोजन स्थल पर पृथक से नित्य प्रतिदिन सफाई हो सके इसके लिए अलग से सफाई टीमे लगाई गई है तथा सम्पूर्ण प्रांगण में जगह जगह कचरा पात्र रखे गये है जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए फायर बिग्रेड के निकलने के लिए स्वागत द्वारो का विशेष ध्यान रखा गया है उन्हें ऊंचा बनाया गया है जिससे फायर बिग्रेड को निकलने में कोई असुविधा न हो।

निगम प्रांगण में जगह जगह प्रोजेक्टर लगाए जाएंगे जिन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जाएगा और साथ ही सी-सी-टीवी कैमरा से आयोजन की विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। सांस्कृतिक संध्याओ के लिए तैयार किए गए मंच पर प्रतिदिन कार्यक्रम अनुरूप डेकोरेशन किया जाएगा। उक्त आयोजन हेतु निगम प्रांगण में आमजन के मंनोरजन खरीदारी हेतु निगम के सामने स्थित ग्राउण्ड में झूले तथा दक्षिण एवं पीछे के ग्राउण्ड में खाने पीने एवं विभिन्न उत्पादों की दुकानें लगवाई गयी है जिससे आमजन उक्त आयोजन का लुफ्त ले सकेगें। उक्त आयोजन हेतु पूरे निगम प्रांगण पर विशेष आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। निगम प्रांगण में सीरिज बल्ब ट्यूब लाईट, एलईडी लाईट आदि लगाई गई है इसके अलावा निगम प्रांगण में जनरेटर की भी व्यवस्था की गई है जिससे शहरवासियों को कोई असुविधा न हो।

नगर निगम द्वारा उक्त आयोजन सम्बंधित गतिविधियों की पूर्ण जानकारी के लिए समाचार पत्र पत्रिकाओ के अलावा इलेक्ट्रोनिक मीडिया को भी आमंत्रित किया गया है जिससे समय समय पर आयोजन की जानकारी शहर की जनता को मिल सके। आयोजन की सफलता को देखते हुए शहरवासियो को कोई असुविधा न हो इसके लिए माकूल व्यवस्थाएं की गई है। आयोजन में आमजन की सुविधा हेतु टाउनहॉल स्थित पार्किंग श्रमजीवी कॉलेज, आर.सी.ए लिंक रोड़ एवं कस्तुरबा मातृ मन्दिर में निषुल्क पार्किंग व्यवस्था की गई है।

उक्त आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खरीदारी हेतु आने वाले शहरवासियों के लिए पेयजल की सुचारू व्यवस्था रहेगी। आपातकालीन व्यवस्था के लिए चिकित्सा विभाग के माध्यम से एक एम्बुलेन्स भी समारोह स्थल पर मौजूद रहेगी। निगरानी एवं नियंत्रण रखने के लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जो सम्पूर्ण आयोजन अवधि में कार्य करेगा और सम्पूर्ण आयोजन स्थल पर निगरानी रखेगा। इसके लिए जगह जगह पर कैमरे लगाए जाएगें। आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है और जगह जगह पर पुलिस व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा गार्ड व होमगार्ड सम्पूर्ण आयोजन स्थल में नक्शानुसार तय स्थान पर तैनात किए जाएगें। सुरक्षा की दृष्टि से महिला गार्ड व महिला पुलिस भी आयोजन स्थल पर मौजूद रहेगी। दीपावली मेला 2025 आयोजन के लिए निगम द्वारा दुर्घटना बीमा भी करवाया गया है।

ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि 21 अक्टूबर तक

उदयपुर (खबर सम्राट)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मावली में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 व 11 के लिए रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु लेटरल एन्ट्री टेस्ट- 2026 के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 21 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है। अभ्यर्थी विद्यालय की वेबसाईट पर जाकर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए 22 से 25 अक्टूबर तक ऑनलाईन सुधार विण्डो खोली जायेगी, जिसमें लिंग, श्रेणी, क्षेत्र, विकलांगता और परीक्षा का माध्यम आदि में संशोधन किया जा सकेगा।

चिकित्सा शिविर आयोजित

उदयपुर (खबर सम्राट)। मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय से संबद्ध राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय मोतीचौहट्टा में प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता तथा चिकित्सालय प्रभारी प्रो. रवि शर्मा तथा शिविर प्रभारी डॉ नमो नारायण मीणा के निर्देशन में बुधवार को प्रातः 9 बजे से 01.00 बजे तक शल्य विभाग द्वारा गुद रोगों की जांच व चिकित्सा एवं निःशुल्क औषध वितरण शिविर आयोजित किया गया । इस दौरान परिकर्तिका, अर्श (बवासीर), भगंदर, नाड़ी व्रण आदि की जांच की गई। शिविर में 42 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर के दौरान 2 रोगियों को अंतरंग विभाग में भर्ती किया गया व पांच रोगियों को क्षार सूत्र चिकित्सा की सलाह दी गई।

शिविर प्रभारी डॉ नमो नारायण मीणा ने रोगियों को गुद रोगों से बचाव व आहार विहार और पथ्य पालन करने का निर्देश दिया।

पीआईएमएस के मनोचिकित्सा विभाग के रेजिडेंट्स ने रजसाइकॉन 2025 में बिखेरी चमक

उदयपुर (खबर सम्राट)। इंडियन साइकिएट्रिक सोसायटी (राजस्थान शाखा) का 40वां वार्षिक सम्मेलन रजसाइकॉन 2025 शिक्षा नगरी कोटा में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण और एकजुटता रहा, जिसमें विशेषज्ञों ने सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। पीआईएमएस के चेयरमैन आशीष अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक नमन अग्रवाल, डीन प्रो. सुरेश गोयल और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. कमलेश शेखावत ने मनोचिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण खैरकर और उनकी टीम को शानदार प्रस्तुतियों और उपलब्धियों के लिए बधाई दी। डॉ. दिव्या चड्ढा को गर्भवती माताओं में अधिकारहीन दुःख के दौरान मानसिक असुरक्षा बायोमार्कर्स पर अपने शोधपत्र के लिए 500 से अधिक दर्शकों से सराहना मिली। डॉ. नीलांका घोष ने अल्कोहलिक पेशेंट्स में वर्निके एन्सेफालोपैथी पर ट्रांसडायग्नोस्टिक दृष्टिकोण पर सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार जीता। डॉ. अदिति जैन ने मिथोट्रेक्सेट से प्रेरित हाइपोएक्टिव डिलीरियम पर पोस्टर प्रस्तुत किया। यह सफलता पीआईएमएस मनोचिकित्सा विभाग के लिए गर्व का विषय है – जहाँ प्रौद्योगिकी और शिक्षण का संगम भविष्य के मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को प्रेरित कर रहा है।

गेस्ट फेकल्टी के लिए आवेदन आमंत्रित

उदयपुर (खबर सम्राट)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उदयपुर द्वारा जिले में संचालित विद्यालय स्तरीय राजकीय छात्रावासों में आवासरत कक्षा 6 से 12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये गणित, विज्ञान एवं अग्रेजी जैसे कठिन विषयों हेतु विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों विद्या संबल योजनान्तर्गत गेस्ट फेकल्टी के तौर पर सेवाए ली जानी है। राजकीय बालिका छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी के चयन में प्रथम वरीयता महिला आवेदक को दी जावेगी। इच्छुक अभ्यार्थी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संबंधित छात्रावास में 15 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है । योजना के तहत् सेवानिवृत कार्मिक/निजी अभ्यार्थियों को गेस्ट फेकल्टी के रूप में लगाया जायेगा । गेस्ट फेकल्टी के चयन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी अभ्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर वरीयता सूची तैयार करेगी। विभाग द्वारा उक्त योजनान्तर्गत राजकीय छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी के लिए द्वितीय श्रेणी अध्यापक कक्षा 9-10 के लिए 350 रूपये प्रति घण्टा तथा ग्रेड़ प्रथम अध्यापक कक्षा 11-12 के लिए 400 रूपये प्रति घण्टा मानदेय निर्धारित किया गया है। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय/छात्रावास से प्राप्त किये जा सकते है ।

एमएमपीएस के छात्रों ने जीते राज्य स्तरीय मुक्केबाजी में पदक

उदयपुर (खबर सम्राट)। महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल, सिटी पैलेस, उदयपुर के विद्यार्थियों ने 1 से 7 अक्टूबर 2025 तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा, अजमेर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में कक्षा दस की छात्रा एंजेल जैन ने 75 से 80 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए कांस्य पदक जीता तथा कक्षा बारहवीं के हार्दिक सेन ने अंडर 19 बालक वर्ग में 46 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र और पदक प्राप्त किया। विद्यालय के मानद निदेशक सतीश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देकर प्रोत्साहित किया।

ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस एंड इंटरनेशनल सेमिनार 12 व 13 को

उदयपुर (खबर सम्राट)। भारतीय लेखांकन परिषद उदयपुर शाखा एवं राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 12 - 13 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस एंड इंटरनेशनल सेमिनार को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में कुलपति सचिवालय के सभागार में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि डीम्ड विश्वविद्यालय की ओर से पहली आयोजित इस सेमीनार का शुभारंभ रविवार को प्रातः 10.30 बजे विद्यापीठ के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर डबोक के सभागार में मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार में लोक निर्माण, महिला एवं बाल विकास व बाल अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघवार करेंगी। मुख्य वक्ता प्रो. गौरव वल्लभ होंगे। अध्यक्षता गोविन्द गुरू जनजाति विश्वविद्यालय बांसवाडा के कुलपति प्रो. के.एस. ठाकुर करेंगे। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि दो दिवसीय सेमीनार मे देश विदेश के 900 से अधिक लेखांकन शिक्षाविद् भाग लेंगे।

बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. शिल्पा लोढ़ा, डॉ. अभय कुमार जारौली, प्रो. आईजे माथुर, डॉ. युवराज सिंह राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. रचना राठौड, डॉ. अजिता रानी, डॉ. नवीन विश्नोई, डॉ. नवल सिंह राजपुत, डॉ. शाहिद कुरैशी, डॉ. दिनेश श्रीमाली, डॉ. प्रदीप शक्तावत, डॉ. पंकज रावल, कृष्णकांत कुमावत, डॉ. ललित श्रीमाली, डॉ. नरदेव सिंह, डॉ. मधु मुर्डिया, डा. शीतल चुग, डॉ. हिम्मत सिंह चुण्डावत, डॉ. जयसिंह जोधा, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. पंकज, डॉ. नारायण सिंह राव, डॉ. मानसिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Godrej Finance Limited | Godrej | FINANCE A Godrej Capital Company

सार्वजनिक सूचना

मास्टर निर्देश - भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - स्केल आधारित विनियमन) निर्देश, 2023 के अनुच्छेद 43 के अनुसार 'गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड' द्वारा सार्वजनिक सूचना

गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी" या "जीएफएल") कंपनी अधिनियम, 1956 (कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67120MH1992PLC065457) के तहत निगमित एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है और भारतीय रिजर्व बैंक (सीओआर संख्या: 13.00368) के साथ एक नॉन-डिपॉजिट स्वीकार करने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी ("एनबीएफसी") के रूप में पंजीकृत है। जीएफएल का पंजीकृत कार्यालय गोदरेज वन, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई - 400079, महाराष्ट्र में स्थित है।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी परिचालन कारणों से इस सूचना की तिथि से 3 महीने की अवधि के लिए माई ब्रांच सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, पहली मंजिल, यूनिट संख्या 106, 107, 108, अमृत श्री, यूनिवर्सिटी रोड, दिगंबर जैन मंदिर, शक्ति नगर, उदयपुर - 313001, राजस्थान स्थित अपने शाखा कार्यालय को यूनिट संख्या 32/1105, पहली मंजिल, सेंटर पॉइंट, बी.एन. कॉलेज के सामने, उदयपुर - 313001, राजस्थान में स्थानांतरित करेगी।

ग्राहकों अपने सभी प्रश्न customercare@godrejcapital.com पर पूछ सकते हैं।

इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण या पूछताछ, इस सूचना की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में श्री योगेश जैन, मुख्य अनुपालन अधिकारी को या gfl.compliance@godrejfinance.com पर भेजी जा सकती है।

Sd/-
गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड की ओर से

स्थान: मुंबई
तारीख : 09.10.2025